तापमान
अधिकतम 19 .0 डिग्री
न्यूनतम 6.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, बुधवार 31 दिसंबर 2025

11 वेदांता स्कूल के आशु का कराटे में शानदार...




11 स्वदेशी उत्पादों का प्रयोग करने का आह्वान



## खबर संक्षेप

### दोस्ती करना पड़ा महंगा लगाया 3.51 लाख का चूना

**जींद।** इंस्टाग्राम दोस्त ने बीमारी का बहाना बना कर एक युवक को तीन लाख 51 हजार रुपये का चूना लगा दिया। पीड़ित की शिकायत पर साइबर थाना पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। लक्ष्मी नगर निवसी अंकित ने पुलिस को शिकायत दी है।

### बैंक अधिकारी बन 50 हजार ठगे, मामला दर्ज

**कैथल।** पूंडरी के गांव टयोंठा में एक युवक से अज्ञात आरोपी ने बैंक अधिकारी बन 50 हजार 721 रुपए की साइबर ठगी कर ली। आरोपी ने पहले युवक के मोबाइल नंबर पर ओटीपी भेजा और बाद में उसे ओटीपी पूछकर उसके खाते से यह राशि निकाली। मामले में युवक की शिकायत पर साइबर क्राइम थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कब्रिस्तान के पिलर-तार उखाड़ी, अज्ञात पर केस

**जींद।** गांव सिंघाना में कब्रिस्तान के पत्थर, पिल्लर तथा तारबंदी तोडऩे पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने गांव के सरपंच की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का मामला दर्ज किया है। सिंघाना के सरपंच सतबीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव में मुस्लिम समाज के कब्रिस्तान के चारों तरफ पिल्लर तथा तारबंदी की गई थी।

### ट्रक से बैटरियां चोरी के मामले का आरोपी काबू

**कैथल।** कैथल क्षेत्र में ट्रक से बैटरियां चोरी करने के एक मामले की जांच अनाज मंडी चौकी पुलिस प्रभारी एएसआई दयानंद की अगुवाई में एएसआई राकेश कुमार की टीम द्वारा करते आरोपी जाखोली अड्डा कैथल निवासी रोहित को काबू कर लिया गया।

### अवैध असलहा के साथ युवक चढ़ा पुलिस हत्थे

**जींद।** डिटेक्टिव स्टाफ ने गांव रामराये बस अड्डे के निकट एक युवक को काबू कर उसके कब्जे से एक पिस्तौल बरामद किया है। सदर थाना पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। डिटेक्टिव स्टाफ को सूचना मिली थी कि रामराय बस अड्डे पर एक युवक अवैध असलहा के साथ खड़ा हुआ है। जो कहीं जाने की फिराक में है। सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते युवक को काबू कर लिया। पुलिस ने जब युवक की तलाशी ली तो कब्जे से पिस्तौल बरामद हुआ।

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, मामला दर्ज

**कैथल।** सिविल लाइन कैथल पुलिस ने एक युवती को शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सिविल लाइन कैथल पुलिस के तहत आने वाले क्षेत्र की एक युवती ने आरोप लगाया कि उसकी साहिल नामक युवक से जान पहचान थी।

### मकान का ताला तोड़कर जेवरात और नकदी चोरी

**जींद।** नंदगढ़ में चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर जेवरात व अन्य सामान को चोरी कर लिया। शिकायत के आधार पर जुलाना थाना पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव नंदगढ़ निवासी सुनील ने शिकायत में बताया कि वह कार्यवश बाहर गया था। पीछे से चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर जेवरात, फोन तथा अन्य सामान को चोरी कर लिया।

### यात्रियों के गहने चुराने के तीन आरोपित काबू

**जींद।** सीआईए स्टाफ सफीदों ने मदद के बहाने बस अड्डे पर यात्रियों के गहनों की चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए तीन सदस्यों को काबू किया है। पुलिस ने आरोपितों की निशानदेही पर तीन लाख 70 हजार रुपये बरामद किए हैं। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है।

## नव वर्ष के जश्न की आड़ में असामाजिक तत्वों पर रहेगी पुलिस की कड़ी नजर

### पुलिस ने जारी की एडवाइजरी, नव वर्ष कार्यक्रम आयोजन स्थलों पर नजर रखेंगी पुलिस टीमें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नव वर्ष पर जश्न की आड़ में कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों पर जिला पुलिस ने नजर रखने के पुख्ता प्रबंध किए हैं। शांतिपूर्ण जश्न मनाने व आमजन की सुरक्षा और बिना किसी समस्या व परेशानी के सुरक्षा व्यवस्थाव यातायात व्यवस्था सुगम बनी रहे, इसको लेकर पुलिस एडवाइजरी जारी की है। जो मंगलवार शाम से लागू कर दी गई है। जो उत्सव के समापन तक जारी रहेगी है। सड़क किनारे शराब पीने वालो की खैर नही : सार्वजनिक स्थान और



एसपी कार्यालय।



सड़क के किनारे शराब पीना, वाहनों के साइलेंसर से पटाखे फोड़ कर ध्वनि प्रदूषण करने वालों, हुड़दंग करने वालों पर न केवल कड़ी नजर रखी जाएगी बल्कि उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई भी अमल मे लाई जाएगी। शरारती तत्वों से निपटने, शराब पीकर सार्वजनिक स्थानों एवं मार्गों पर की जाने वाली हुडदंगबाजी और गतिविधियों को नियंत्रण करने के लिए पुलिस ने व्यापक प्रबंध किए हैं। होटलों, रेस्टोरेंटों पर रहेगी विशेष नजर, 15 नाके लगाए: पुलिस ने होटल, रेस्टोरेंट, ढाबों एवं धर्मशालाओं पर अलग से विशेष सुरक्षा बंदोबस्त किए गए हैं। जिला में अलग-अलग विशेष स्थान चिन्हित करके जिला में 15 नाके स्थापित किए गए हैं। जिला जींद में यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए यातायात प्रभारी को विशेष दिशा निर्देश दिए गए हैं।

#### नियमों की पालना करना जरूरी

जिला पुलिस ने नए साल के जश्न के दौरान यातायात नियमों की सख्ती से पालन करने की सलाह दी जाती है। नशे में गाड़ी चलाने, स्टंट बाइकिंग, ओवरस्पीडिंग, जिग जैग ड्राइविंग और खतरनाक ड्राइविंग करने वालो एवं होटल रेस्टोरेंट पर अवैध रूप से पार्टी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए अलग से टीमें बनाई गई हैं।

#### पुलिस का सहयोग करें

एसपी कुलदीप सिंह ने बताया कि लोग शांति से नए साल का जश्न मनाएं। किसी प्रकार की हुड़दंगबाजी ना करें। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे कानून व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस का सहयोग करें।



राइस मिल प्रदूषण के खिलाफ सदरहेड़ी गांव के ग्रामीणों का आक्रोश।

## राइस मिल प्रदूषण के खिलाफ सदरहेड़ीवासी सड़कों पर उतरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

खुशहाल माजरा के बाद अब सदरहेड़ी गांव के लोगों ने भी राइस मिलों से फैल रहे प्रदूषण के खिलाफ खुलकर मोर्चा खोल दिया है। सदरहेड़ी गांव के सैकड़ों ग्रामीणों ने हरियाणा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और जिला प्रशासन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि राइस मिलों से उड़ने वाली राख (ऐश) और जमीन में छोड़ा जा रहा गंदा पानी गांवों को धीरे-धीरे बीमारी का हॉटस्पॉट बना रहा है। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों का कहना है कि सदरहेड़ी गांव में ही करीब एक दर्जन लोग बीमारि से पीड़ित हैं, जबकि आधा दर्जन से अधिक लोगों की बीमारी के कारण मौत हो चुकी है। ग्रामीणों के अनुसार यह समस्या किसी एक गली या परिवार तक सीमित नहीं, बल्कि पूरे गांव में फैल चुकी है। ग्रामीणों ने बताया कि राइस मिलों से हो रहे वायु और जल प्रदूषण का असर केवल सदरहेड़ी तक सीमित नहीं है। खुशहाल माजरा, सदरहेड़ी सहित आसपास के करीब चार गांव इसकी चपेट में हैं, जहां लगभग 10 हजार की आबादी निवास करती है। इन गांवों में , पीलिया, पेट व लीवर की गंभीर बीमारियां, त्वचा रोग और सांस से जुड़ी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि भूजल दूषित हो चुका है, जिससे पीने का पानी भी अब सुरक्षित नहीं रहा। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि राइस मिलों के बॉयलर और ड्रायर से निकलने वाली राख खुले वातावरण में उड़ रही है। इसके अलावा बिना ट्रीटमेंट किया गया गंदा पानी रिचार्ज बोर के जरिए जमीन में डाला जा रहा है।

#### लापरवाही का आरोप

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि वे लंबे समय से शिकायतें कर रहे हैं, लेकिन न तो कोई स्थायी समाधान निकला और न ही नियमित निगरानी की गई। दोषी राइस मिलों पर सख्त कार्रवाई भी नहीं हुई। ग्रामीणों ने सवाल उठाया कि जब बीमारी और मौतों के आंकड़े सामने हैं, तो प्रशासन अब तक क्यों खामोश है?

### किसान कर रहे बरसात का इंतजार, फसलों को पहुंचेगा फायदा


## कड़ाके की ठंड से आमजन बेहाल तो गेहूं की फसल के लिए रामबाण

### सुबह धुंध के बीच वाहन रेंगकर चले, दोपहर बाद सूर्य देवता ने दिए दर्शन

**अधिकतम तापमान स्थिर तो न्यूनतम तापमान में गिरावट**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

धुंध और कोहरे ने अब लोगों को सूखी ठंड का अहसास कराने में कोई कसर नहीं छोड़ रखी है। मंगलवार को भी सुबह का आगाज घनी धुंध के साथ हुआ। दोपहर बाद लगभग दो बजे जैसे ही आसमान से सूर्य देवता ने दर्शन दिए तो तापमान में कुछ वृद्धि हुई। जिससे लोगों को कुछ राहत मिली और घरों की छतों पर बैठ कर धूप सेकते हुए नजर आए। वहीं जिला में पड़ रही कडाके की ठंड और कोहरा फसलों के लिए सोने पर सुहागा साबित हो रहा है। फिलहाल किसान अब बारिश का इंतजार कर रहे हैं। अगर बारिश होती है तो यह फसलों के लिए सिंचाई का काम करेगी और जो छोटी-मोटी बीमारी हैं, उसे भी धोने का काम करेगी। मंगलवार को अधिकत्तम तापमान 19 डिग्री, न्यूनतम तापमान 6 डिग्री दर्ज किया गया। जबकि मौसम में आद्रता 67 प्रतिशत व हवा की गति आठ किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। इस समय जिले में किसानों ने लगभग 2.10 लाख हैक्टेयर में गेहूं तथा 12 हजार हेक्टेयर से भी ज्यादा में सरसोंकी बिजाई की हुई है। वहीं जिले में करीब दो हजार हैक्टेयर में बागवानी की खेती हो रही है। जिसमें से करीब 600 एकड़ में नेट हाउस लगाकर किसान सब्जी उगा रहे हैं। रबी सीजन के दौरान अबतक जिले में बारिश नही हुई है। पिछले एक पखवाड़े से ठंड भी अच्छी खासी पड़ रही है। फिलहाल ठंड फसलों की ग्रोथ के लिए लाभकारी मानी जा रही है। अगर अब बारिश या बूंदाबांदी होती है तो फसलों को अच्छा खासा फायदा पहुंचा है। बारिश होती है तो यह फसलों के लिए रामबाण सिद्ध होगी। किसानों को अच्छी खासी बारिश की दरकार है।



जींद। धुंध के बीच से गुजरते वाहन। फोटो :हरिभूमि

#### कोहरा फायदेमंद साबित हो रहा

सोमवार को सुबह धुंध के बीच वाहनों को रेंगते हुए देखा गया। जैसे ही दोपहर बाद सूर्य देवता ने दर्शन दिए, वैसे ही धुंध छंटना शुरू हो गई। खेतों में कोहरा ज्यादा था जबकि बाजारों में कोहरा कम दिखाई दे रहा था। किसानों का कहना है कि फसलों के लिए कोहरा फायदेमंद साबित हो रहा है। पांडू पिंडारा कृषि विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि बारिश या बूंदाबांदी होती है तो फसलों को अच्छा खासा फायदा पहुंचेगा। ठंड गेहूं फसल के लिए रामबाण है। फिर भी किसान खेतों का लगातार दौरा करते रहें और खरपतवार पर विशेष ध्यान दें। किसान समय-समय पर सिंचाई अवश्य करते रहें।



जींद। रैन बसेरों का औचक निरीक्षण करते एडीसी प्रदीप कुमार।

#### एडीसी ने किया रैन बसेरों का निरीक्षण

**जींद।** एडीसी प्रदीप कुमार ने सोमवार रात को शहर के बस अड्डा एवं रेलवे स्टेशन परिसर में संचालित रैन बसेरों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य कड़ाके की ठंड के बीच निराश्रित एवं जरूरतमंद व्यक्तियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की वास्तविक स्थिति का जायजा लेना था। निरीक्षण के दौरान एडीसी प्रदीप कुमार ने रैन बसेरों में ठहरे लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनी तथा वहां उपलब्ध बिस्तर, साफ.-सफाई, पेयजल एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की जांच की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि रैन बसेरों में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुचारू रूप से बनी रहें। कड़ाके की ठंड को देखते हुए एडीसी प्रदीप कुमार द्वारा रैन बसेरों में रह रहे जरूरतमंद व्यक्तियों को कंबल वितरित किए गए।

## कैथल-पटियाला स्टेट हाइवे गड्ढों में तब्दील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीवन

कैथल–पटियाला मुख्य मार्ग इन दिनों पूरी तरह से बदहाली का शिकार हो चुका है। सीवन से कैथल के बीच सड़क पर बने गहरे और जानलेवा गड्ढों ने इस मार्ग को मौत का रास्ता बना दिया है। हालात ऐसे हैं कि वाहन चलते समय नीचे से सड़क से टकरा रहे हैं, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह सड़क बहुत लंबी मांग और भारी सरकारी खर्च के बाद बनाई गई थी, लेकिन घटिया निर्माण के कारण बेहद कम समय में ही टूटकर जर्जर हो गई। स्टेट हाईवे होने के बावजूद सड़क की गुणवत्ता पर कोई ध्यान नहीं दिया गया, जिसका खामियाजा अब आम जनता भुगत रही है। इस मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही दिन-रात बनी रहती है। ट्रक, ट्रॉले और भारी मालवाहक वाहनों के दबाव से सड़क तेजी से उखड़ती चली गई, लेकिन लोक निर्माण विभाग ने समय रहते कोई ठोस कदम नहीं उठाया। नतीजा यह है कि आज पूरी सड़क गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। धुंध के मौसम में हालात और भयावह हो गए हैं। कई स्थानों पर सड़क इतनी टूट चुकी है कि सफेद पट्टियां तक नजर नहीं आतीं। रात और सुबह के समय वाहन चालकों को अंदाजा तक नहीं होता कि आगे गड्ढा है या सड़क, जिससे हादसों का खतरा लगातार बना हुआ है। बड़ी नहर के पास सड़क की हालत सबसे ज्यादा खराब है। नहर के पुल पर भी गड्ढे बन चुके हैं, जो प्रशासन की घोर लापरवाही को दर्शाते हैं।



सीवन। कैथल मार्ग पर नगर के पास खस्ता हाल सड़क। फोटो :हरिभूमि

#### मरम्मत करवाएंगे

लोक निर्माण विभाग के एसडीओ अरुण कंसल ने सफाई देते हुए कहा कि सर्दी के मौसम में सड़क पर तारकोल का कार्य नहीं हो पाता, इसलिए अभी मरम्मत संभव नहीं है। उन्होंने आश्वासन दिया कि 15 जनवरी के बाद सड़क की मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

## अधीक्षक अभियंता ने सुनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

**दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम ने किया अदालत का आयोजन**

दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा बिजली अदालत का आयोजन किया। बिजली अदालत में जींद के अधीक्षक अभियंता एमएल सुखीजा ने बिजली की समस्याएं सुनी। मंगलवार को आयोजित हुई बिजली अदालत में कम संख्या में लोग बिजली की समस्या लेकर पहुंचे। इनमें बिजली लाइनों को वोल्टेज समस्या, खराब मीटर की समस्याएं जैसी समस्याएं अधीक्षक अभियंता एमएल सुखीजा के समक्ष रखी गई। जिसके बाद बिजली बिलों, खराब मीटर को बदलने जैसी समस्याओं को उपमंडल अधिकारी को तुरंत प्रभाव से समाधान करने के निर्देश दिए। इसके अलावा बिजली लाइनों को स्थानांतरण करने और सोलर कनैक्शनों जैसी समस्याओं को भी निश्चित समय अवधी में समाधान करने के निर्देश दिए। वहीं उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए अधीक्षक अभियंता एमएल सुखीजा ने कहा कि बिजली निगम द्वारा इस प्रकार की बिजली अदालत लगाए जाने का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं की संतुष्टि के लक्ष्य को प्राप्त करना हैं। बिजली निगम द्वारा अच्छी बिजली आपूर्ति देने के लिए अनेक योजनाएं चलाई हुई हैं, जिसके तहत गांव गांव में पुराने बिजली के पोल और तारों को बदल कर नए पोल और तारें लगाकर पर्याप्त बिजली सुविधा देना हैं। जिन गांवों में महारा गांव जगमग गांव योजना का कार्य पूरा किया जा चुका हैं वहां पर अधिक से अधिक समय यानि 22 से 23 घंटे बिजली आपूर्ति दी जा रही हैं। उप शहरी सब डिवीजन के अंतर्गत आने वाले गांवों में भी म्हारा गांव जगमग गांव का कार्य चल रहा हैं कहीं पर पूरा भी कर लिया गया हैं। सुखीजा ने बताया कि अगर सभी गांवों में म्हारा गांव जगमग गांव का कार्य पूरा हो जाएगा तो बिजली के हादसों पर रोक लगेगीए ग्रामीणों को पर्याप्त बिजली आपूर्ति मिलेगी।

### मजदूरों को लाभों से वंचित करने पर रोष जताया

**जींद।** भवन निर्माण कामगार यूनियन के जिलाध्यक्ष जोगिंद्र ईगराह व जिला सचिव संदीप जाजवान ने हरियाणा के श्रम मंत्री अनिल विज के उस बयान की कड़ी निंदा की है, जिसमें उन्होंने 90 दिनों की कार्य सत्यापन (वेरिफिकेशन) प्रक्रिया में फर्जीवाड़ा होने का आरोप लगाते हुए कई पंजीकृत निर्माण मजदूरों को फर्जी बताया है और उनके लाभ रोक दिए हैं। यूनियन नेताओं ने कहा कि मंत्री का यह बयान पूर्णतः अज्ञानता से भरा हुआ और मजदूर विरोधी है। वास्तव में फर्जीवाड़ा पूर्ववर्ती भाजपा सरकारों के समय हुआ। जब पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कार्यकाल में 2014 से 2018 तक राजनीतिक लाभ लेने के लिए कैंप लगा कर बड़ी संख्या में मजदूरों का पंजीकरण किया गया। उस समय 60 प्रतिशत पंजीकरण राजनीतिक दबाव में किए गए।

### डीसी अपराजिता ने किया घग्गर और सरस्वती क्षेत्र का निरीक्षण

## 15 करोड़ से हाई-टेक पंप हाउस लगाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

डीसी अपराजिता ने मंगलवार को गुहला उपमंडल के बाढ़ संभावित संवेदनशील इलाकों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ घग्गर नदी, सरस्वती नदी और विभिन्न तटबंधों (बंधों) का निरीक्षण किया। डीसी ने स्पष्ट किया कि प्रशासन का मुख्य लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि आगामी मानसून सीजन में बाढ़ की स्थिति दोबारा पैदा न हो। डीसी ने सबसे पहले टटियाणा गेज का निरीक्षण किया। गौरतलब है कि 2023 की बाढ़ के दौरान यहाँ का तटबंध टूट गया था, जिससे भारी नुकसान हुआ था। यहाँ लगभग 3 करोड़ से एक मजबूत दीवार बनाने का प्रस्ताव रखा गया है। घग्गर नदी से मिट्टी निकालने (डिसिल्टिंग) का कार्य किया जाएगा, ताकि पानी का प्रवाह सुचारू बना रहे। इसी प्रकार बाढ़ प्रबंधन की दिशा में सबसे बड़ा कदम हांसी-बुटाना नहर पर उठाया जा रहा है, जहां करीब 15 करोड़ से हाई-टेक पंप हाउस लगाया जाएगा। इसके अलावा, हांसी-बुटाना पर 3 करोड़ के तीन अन्य महत्वपूर्ण तकनीकी कार्य भी प्रस्तावित किए गए हैं। डीसी ने रत्ताखेड़ा लुकमान, सरोला साइफन, भाटिया बंध और पोलड़ का दौरा किया और आवश्यक निर्देश दिये। रत्ताखेड़ा लुकमान के कुंडी वाला बंध पर मिट्टी के कटाव को रोकने के लिए 500 फीट हिस्से में स्टोन पिचिंग की जाएगी। चीका-पटियाला रोड से कार सेवा ब्रिज तक डिसिल्टिंग के साथ-साथ साइफन के बैड (तल) को पक्का किया जाएगा, जिस पर 3 करोड़ रुपये खर्च होंगे।



गुहला-चीका। डीसी अपराजिता घग्गर और सरस्वती क्षेत्र का निरीक्षण करते।

#### ये रहे मौजूद

मौक पर एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह, डीआरओ चंद्र मोहन, कार्यकारी अभियंता दिग्विजय शर्मा व वरूण कंसल, बीडीपीओ जगजीत सिंह, एसडीओ अजमेर सिंह आदि मौजूद रहे।

### नई नीति के विरोध में बिजली कर्मचारियों ने जताया रोष

**राजौंद।** एचएसईबी हरियाणा कर्मचारी महासंघ सब यूनिट राजौंद के कर्मचारी ने मंगलवार को राज्य प्रधान इकबाल चन्दना के आह्वान पर बढ़ चक्कर भाग लिया। इस ऑनलाइन गलत पॉलिसी के विरोध में ज्ञापन देना देने के लिए राजौंद कर्मचारी साथियों पंचकूला के लिए रवाना हुए। सब यूनिट राजौंद प्रधान अश्विनी ढांडा ने बताया कि जब तक मैनेजमेंट यह ऑनलाइन पॉलिसी वापस नहीं लेती विरोध जारी रहेगा। सेक्टर काउंसिल आगे की रणनीति पर जो भी बड़ा आंदोलन व हड़ताल की घोषणा करती है तो राजौंद के सभी कर्मचारी इसमें बढ़ चढ़कर भाग लेंगे। मुकेश सचिव,परवीन उप प्रधान, कुलदीप बनवाला,सुखदेव, रोहतास, रमन,जगबीर, होशियार,कृष्ण जाखौली, जगबीर एस ए,दीपक जुलानी,मनजीत,लाला सहित कई कर्मचारी मौजूद रहे।



# रणबीर की लव एंड वॉर दोबारा हुई पोस्टपोन

**मुंबई।** रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल की स्टाटर फिल्म 'लव एंड वॉर' एक बार फिर से पोस्टपोन हो गई है। पहले मार्च और मई में आने के लिए शेड्यूल हुई इस मूवी की रिलीज आगे बढ़ गई है, जिससे नितेश तिवारी की 'रामायणम' की टीम निराश हो गई है। रणबीर कपूर के दो बड़े प्रोजेक्ट पाइपाइन में हैं। एक संजय लीला भंसाली की 'लव एंड वॉर' और दूसरी नितेश तिवारी की 'रामायणम'। दोनों के लिए फैंस बेहद एक्साइटेड हैं। हालांकि, उन्हें अभी लंबा इंतजार करना होगा।



लाइफ Style

# मृणाल

## नए साल से पहले छुट्टी मनाने निकलीं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री मृणाल ठाकुर नए साल का जश्न मनाने के लिए किसी नई जगह पर रवाना हुई हैं। उन्होंने काम से छुट्टी ली और वह घूमने निकल गईं। अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर इसकी कुछ झलकियां साझा की हैं। 'सीता रामम' फेम अभिनेत्री ने अपनी शानदार तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। उनकी तस्वीरों ने फैंस का ध्यान खींचा है।

मृणाल ठाकुर ने जो तस्वीरें शेयर की हैं उनमें देखा जा सकता है कि वह काफी खुश हैं। एक तस्वीर में उन्होंने चश्मे के साथ पोज दिया है। एक दूसरी तस्वीर में वह रोड के किनारे पोज दे रही हैं। तस्वीरों के साथ उन्होंने वीडियो भी शेयर किया है। इसमें वह आइसक्रीम का आनंद ले रही हैं। इंस्टाग्राम पर तस्वीरें शेयर करते हुए अभिनेत्री ने लिखा है 'बहुत जरूरी'। इसके साथ उन्होंने कई इमोजी बनाए हैं। इसे देख कर लगता है कि वह छुट्टी के दौरान घूमने-फिरने, खाने और आराम करने को सबसे ज्यादा जरूरी चीज बता रही हैं। मृणाल ठाकुर की पोस्ट पर कई फैंस ने दिल वाले इमोजी के साथ कई कमेंट किए हैं। एक फैन ने उन्हें क्यूट बताया है, तो दूसरे ने लिखा, 'आप एक्सप्रेशन क्वीन और ब्यूटी क्वीन हैं।' एक यूजर ने मिस वर्ल्ड कह कर संबोधित किया है। मृणाल ठाकुर जल्द ही अदिवी शेष और अनुराग कश्यप के साथ फिल्म 'डकैत' में नजर आएंगी। इस फिल्म का टीजर रिलीज हो चुका है। वह फिल्म 'दो दीवाने सहर में' का भी हिस्सा होंगी। इसका पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। यही नहीं मृणाल ठाकुर 'है जवानी तो इश्क होना है' और 'पूजा मेरी जान' का भी हिस्सा होंगी।

हॉलीवुड मसाला



# अब तक बन चुके हैं 13 भाग...

**लॉस एंजिल्स।** 'हैलोवीन' साल 1978 में रिलीज हुई थी। डायरेक्टर जॉन कारपेंटर की फिल्म 'हैलोवीन' अब एक कल्ट क्लासिक बन चुकी है। 3 लाख डॉलर के कम बजट में बनाई गई इस फिल्म ने वर्ल्डवाइड लगभग 70 मिलियन डॉलर की कमाई की, जो कि उस दौर में बहुत ज्यादा थी। 47 साल भी इस फिल्म एक डरावनी सीन आज भी लोगों के जहन में बना हुआ है। अब तक इस सीरीज की लगभग 13 फिल्में आ चुकी हैं और दर्शकों सभी को खूब एंजॉय किया है। इस फिल्म की कहानी एक ऐसे लड़के से शुरू होती है जो कम उम्र में ही अपनी 6 साल की बहन का मर्डर कर देता है।



# अवतार- एनाकोंडा एक दूसरे को दे रहीं टक्कर

**मुंबई।** भारतीय दर्शकों के लिए इन दिनों सिनेमाघरों में बॉलीवुड के अलावा दो हॉलीवुड फिल्में भी लगी हुई हैं। फिल्म अवतारः फायर एंड ऐश और एनाकोंडा बॉक्स ऑफिस पर एक- दूसरे को कड़ी टक्कर दे रही हैं। अवतारः फायर एंड ऐश की रिलीज को 11 दिन हो चुके हैं। इस फिल्म ने 11वें दिन दूसरे सोमवार को 3.48 करोड़ रुपए की कमाई की है। कुल मिलाकर इस हॉलीवुड फिल्म ने अभी तक बॉक्स ऑफिस पर 141.38 करोड़ रुपए का कारोबार कर लिया है। एनाकोंडा की रिलीज को पूरे पांच दिन हो चुके हैं। एनाकोंड ने पांचवें दिन सोमवार को 28 लाख रुपए की कमाई की है। वहीं, एनाकोंडा ने बॉक्स ऑफिस पर अभी तक कुल मिलाकर 4.78 करोड़ रुपए का कारोबार कर लिया है। फिल्म 'अवतारः फायर एंड ऐश का निर्देशन जेम्स कैमरून ने किया है।



# अलग अंदाज में न्यू ईयर मनाएंगी हुमा...

**मुंबई।** नया साल आने में चंद दिन बचे हैं। कई बॉलीवुड सेलेब्स इस मौके पर पार्टी करेंगे, वेकेशन पर जाएंगे। लेकिन, हुमा कुरैशी ऐसा कुछ नहीं करने वाली हैं। उनका न्यू ईयर सेलिब्रेशन का प्लान बिल्कुल हटकर है। यह तरीका सुनकर उनके फैंस भी हैरान हो जाएंगे। हुमा कुरैशी ने बताया कि वह न्यू ईयर पर ट्रैवल नहीं कर रही हैं। ना ही वेकेशन पर जा रही हैं। वह कहती हैं, ' मैं नए साल पर तीन दिन सोना चाहती हूं, क्योंकि मेरा यह साल बहुत बिजी रहा है। मैं एक नई फिल्म पर भी काम करने वाली हूं। इसलिए मैं साल के आखिर तीन दिन बस आराम करना चाहती हूं। मैं कुछ नहीं करना चाहती हूं। मैं सच में हॉलिडे पर्सन, रेजोल्यूशन पर्सन या पार्टी पर्सन नहीं हूं। मैं बस कुछ 'मी टाइम' चाहती हूं। मैं बस रिलैक्स करना चाहती हूं।



# पहली बार होगा महिला गैंग से सामना

**मुंबई।** गोलमाल फ्रेंचाइजी की फिल्म गोलमाल 5 को लेकर नया अपडेट सामने आ रहा है। फिल्म में पहले ही तरह अजय देवगन, अरशद वारसी के अलावा शरमन जोशी भी नजर आने वाले हैं। इसके अलावा पहली बार किसी महिला विलेन की एंट्री होगी। बॉलीवुड की सबसे लोकप्रिय कॉमेडी फ्रेंचाइजी में शुमार 'गोलमाल' एक बार फिर दर्शकों को हंसाने के लिए तैयार है, लेकिन इस बार कहानी में बड़ा ट्विस्ट होने वाला है। निर्देशक रोहित शेट्टी अपनी सुपरहिट सीरीज के पांचवें पार्ट 'गोलमाल 5' को एक नए अंदाज में लेकर आ रहे हैं। खास बात यह है कि इस बार फिल्म सिर्फ कॉमेडी तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि इसमें फैंटेसी एलिमेंट भी देखने को मिलेगा। इसके साथ ही 'गोलमाल' की दुनिया में पहली बार एक महिला विलेन की एंट्री होने जा रही है।

टीवी मसाला

# इज्जत दोगे तो इज्जत मिलेगी मेरे साथ ये सब मत करना

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 की रनर-अप रहीं फरहाना भट्ट अचानक पैपराजी पर गुस्सा हो गईं। इसके बाद उन्होंने पैप्स को फटकार भी लगाई। बिग बॉस 19 की रनर-अप रहीं फरहाना भट्ट शो के पूरा होने के बाद भी लगातार चर्चाओं में रहती हैं। यही कारण है कि जब भी फरहाना बाहर निकलती हैं,



पैपराजी उनको घेर लेते हैं। एक बार फिर ऐसा ही हुआ, जब फरहाना शहर में निकलीं तो पैप्स उनके पीछे लग लिए। लेकिन इस दौरान कुछ ऐसा हुआ, जिससे फरहाना का पारा हाई हो गया और वो पैप्स पर नाराज हो गईं। इसके बाद वो पैप्स को नसीहत देते भी नजर आईं। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में ब्लैक आउटफिट में फरहाना एक रेस्टोरेंट के बाहर नजर आ रही हैं। इस दौरान वो पैपराजी से बातचीत भी करती हैं। लेकिन तभी फरहाना पैप्स को फटकार भी लगाती हैं और उनके कमेंट पर आपत्ति जताती हैं। दरअसल, इस दौरान एक पैपराजी कहता है, 'लगता है चढ़ गई है।' फरहाना पैपराजी के इस कमेंट को सुन लेती हैं। इसके बाद वो पैप्स को फटकार लगाते हुए कहती हैं, 'क्या बोल रहे थे अभी? पिया है, पी रखी है, कुछ तो ऐसा बोल रहे थे ना। मेरे सामने ये सब दोबारा मत करना। मैं मस्ती-मजाक में प्यार करती हूं। इज्जत दोगे तो इज्जत मिलेगी। ऐसी टिप्पणियां करके मुझसे मजाक न करना।' हालांकि, फरहाना इसके बाद भी पैपराजी को प्यार से हाथ हिलाकर अपनी कार में बैठ गईं।

## सुनील ने धरा आमिर का रूप

**नई दिल्ली।** कॉमेडियन और एक्टर सुनील ग्रोवर अपनी कॉमेडी के अलावा अपनी मिमिक्री से भी लोगों को हैरान करते रहते हैं। 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में सुनील ग्रोवर अक्सर ही अलग-अलग बॉलीवुड कलाकारों की मिमिक्री करते हैं। अब सुनील ग्रोवर ने बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट कहे जाने वाले आमिर खान की मिमिक्री की है। जिसकी एक झलक देखकर ही फैंस हैरान रह गए। क्योंकि, सुनील ग्रोवर हूबहू आमिर खान की ही तरह लग रहे हैं और बोल भी उन्हीं की तरह रहे हैं।'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के नए एपिसोड में कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे बतौर मेहमान पहुंचेंगे। अभी शो का सिर्फ प्रोमो सामने आया है। इस प्रोमो में ही सुनील ग्रोवर आमिर खान बनकर पहुंचते हैं। आमिर के गेटअप में सुनील ने मेहमानों से बातचीत करते हुए उनकी कई शादियों पर चुटकुले सुनाए और रिश्तों को लेकर सलाह भी दी। साथ ही उन्होंने कार्तिक और अनन्या की फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' के टाइटल का भी मजाक उड़ाया। इसका प्रोमो सामने आया है और इसमें सुनील ग्रोवर को आमिर के गेटअप में देखकर फैंस हैरान रह गए।




# पंचायत 5 से लेकर तस्करी तक 2026 में धूम मचाएंगी ये बड़ी वेब सीरीज

**नई दिल्ली।** साल 2026 दस्तक देने के लिए तैयार है। सिनेमा प्रेमियों के लिए साल 2026 बहुत अच्छा होने वाला है। इसकी वजह है कि अगले साल कई बेहतरीन वेब सीरीज रिलीज होने वाली हैं। कुछ वेब सीरीज के अगले सीजन रिलीज होने वाले हैं।

***पंचायत सीजन 5*** : गांव के माहौल पर आधारित वेब सीरीज 'पंचायत' की सभी सीरीज ने दर्शकों का मनोरंजन किया है। दर्शकों ने इस सीरीज में सभी कलाकारों का अभिनय और सीरीज की कहानी को पसंद किया है। 'पंचायत' सीजन 1 साल 2020 में, सीजन 2 साल 2022 में, सीजन 3 साल 2024 में, सीजन 4 साल 2025 में रिलीज हुआ था। 'पंचायत' सीरीज का अगला सीजन 2026 में रिलीज हो सकता है।

***गुल्लक सीजन 5*** : मध्यवर्गीय परिवार की रोजमर्रा की जिंदगी पर आधारित सीरीज 'गुल्लक' के सभी सीजन को दर्शकों ने खूब सराहा। 'गुल्लक' सीजन 1 साल 2019 में, सीजन 2 साल 2021 में, सीजन 3 साल 2022 में और सीजन 4 साल 2024 में रिलीज हुआ। सीरीज का 5वां सीजन साल 2026 में रिलीज हो सकता है।








***हीरामंडी सीजन 2*** : संजय लीला भंसाली के निर्देशन में बनी वेब सीरीज 'हीरामंडी' के पहले सीजन को दर्शकों से खूब प्यार मिला। इसमें मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, ऋचा चड्ढा, संजीदा शेख और शर्मिन सहगल जैसे कलाकार नजर आए। इसका पहला सीजन मई 2024 में रिलीज हुआ था। खबरों के मुताबिक 'हीरामंडी' का सीजन 2 साल 2026 या 2027 में रिलीज हो सकता है।

***फ्रीडम एट मिडनाइट सीजन 2*** : भारत के विभाजन, स्वतंत्रता और राजनीति पर आधारित वेब सीरीज 'फ्रीडम एट मिडनाइट' को दर्शकों ने खूब सराहा। निखिल आडवाणी के निर्देशन में बनी इस वेब सीरीज में सिद्धांत गुप्ता, चिराग वोहरा जैसे कलाकार नजर आए। इसका पहला सीजन 15 नवंबर 2024 को रिलीज हुआ था। 'फ्रीडम एट मिडनाइट' सीजन 2 अगले साल 9 जनवरी को रिलीज होगा।

***तस्करीः द स्मगलर्स वेब*** : क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज 'तस्करीः द स्मगलर्स वेब' में इमरान हाशमी ने एक कस्टम ऑफिसर की भूमिका निभाई है। इसमें वह अंतरराष्ट्रीय तस्करी के काले नेटवर्क का पर्दाफाश करते दिखेंगे। दर्शक बेसब्री से इस सीरीज का इंतजार कर रहे हैं। यह 14 जनवरी 2026 को रिलीज होने वाली है।

# रश्मिका और विजय उदयपुर में करेंगे शादी..!

*मुंबई। साउथ फिल्म इंडस्ट्री के स्टार्स रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा को लेकर खबर है कि दोनों जल्द ही शादी के बंधन में बंध जाएंगे। अक्टूबर में परिवार की मौजूदगी में गुपचुप सगाई करने के बाद अब दोनों 2026 में जीवनसाथी बनने के लिए तैयार हैं। अब वेडिंग डेट और वेन्यु को लेकर एक खुलासा हुआ। 'रश्मिका और विजय की शादी 26 फरवरी 2026 को उदयपुर के एक महल में होने वाली है। उन्होंने एक ऐतिहासिक प्रॉपर्टी को फाइनल किया है। सगाई की तरह ही शादी को भी एकदम निजी रखे जाने की प्लानिंग है। सिर्फ उनके करीबी लोग ही शामिल होंगे।' रश्मिका और विजय ने दशहरा के एक दिन बाद 3 अक्टूबर 2025 को हैदराबाद में सगाई की। हालांकि, दोनों ने इसकी पुष्टि नहीं की है, लेकिन विजय की टीम ने 'एचटी' को इसकी जानकारी दी है। उस समय उन्होंने यह भी पुष्टि की थी कि यह जोड़ा फरवरी में शादी करेगा। रश्मिका और विजय की सगाई में भी सिर्फ करीबी दोस्त और परिवार के सदस्य शामिल हुए थे।*



## कई कलाकारों के लिए बेहतरीन होने वाला है साल 2026

# ये कलाकार बड़े पर्दे पर करेंगे डेब्यू, दिखाएंगे अभिनय का जलवा

*नई दिल्ली। साल 2026 दस्तक देने के लिए पूरी तरह से तैयार है। इस साल कई कलाकार बॉलीवुड की फिल्मों से बड़े पर्दे पर डेब्यू करने के लिए रेडी हैं। इनमें कई सेलेब्स की संतानें हैं। पिछले साल राशा थडानी, जुनैद खान और खुशी कपूर जैसे कलाकारों ने बड़ी स्क्रीन पर डेब्यू किया था। आइए जानते हैं साल 2026 में कौन से कलाकार बड़ी स्क्रीन पर नजर आ सकते हैं।*

**सुहाना खान** : शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान 2026 में बड़ी स्क्रीन पर नजर आने वाली हैं। वह शाहरुख खान स्टारर 'किंग' में नजर आने वाली हैं। यह फिल्म 2026 में रिलीज हो सकती है। इस फिल्म की अभी रिलीज की तारीख तय नहीं हुई है। सुहाना खान ने 'द आर्जीच' से एक्टिंग में कदम रखा था। यह फिल्म साल 2023 में ओटीटी पर आई थी।

**अगस्तय नंदा** : अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा साल 2026 में बॉलीवुड फिल्म 'इक्कीस' से बड़े पर्दे पर डेब्यू करने वाले हैं। 1 जनवरी 2026 को रिलीज होने वाली इस फिल्म में अगस्त्य परमवीर चक्र प्राप्तकर्ता मेजर अरुण खेत्रपाल की भूमिका निभाएंगे। अगस्त्य नंदा पहली बार 'द आर्चीज' में नजर आए थी। यह फिल्म ओटीटी पर आई थी।



**सिमर भाटिया** : अभिनेत्री सिमर भाटिया 2026 में फिल्म 'इक्कीस' से डेब्यू करने वाली हैं। वह अक्षय कुमार की भांजी हैं। फिल्म में वह अगस्त्य नंदा के साथ नजर आएंगी। श्रीराम राघवन के निर्देशन में बनी यह फिल्म 1 जनवरी 2026 को रिलीज होगी। इसमें दिवंगत अभिनेता धर्मेंद्र नजर आएंगे।





**यशवर्धन आहूजा** : खबरें हैं कि गोविंदा के बेटे यशवर्धन आहूजा एक फिल्म में काम कर रहे हैं। उम्मीद है कि यह फिल्म 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। बताया जाता है कि यह फिल्म रोमांटिक होगी। इसका निर्देशन साउथ के निर्देशक साई राजेश कर रहे हैं।

**मेधा राणा** : मेधा राणा फिल्म 'बॉर्डर 2' से बड़ी स्क्रीन पर डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। इसमें वह वरुण धवन के साथ नजर आएंगी। मेधा राणा सीरीज 'लंदन फाइल्स' में नजर आई थीं। इसमें अर्जुन रामपाल और पूरब कोहली अहम किरदार में थे। अब वह बड़े पर्दे पर डेब्यू करने जा रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### आंचल मुनि महाराज की पुण्यतिथि पर भंडारा आज

**नरवाना।** परम श्रद्धेय जन-जन की आस्था के केंद्र ओजस्वी वक्ता आंचल मुनि महाराज की छठी पुण्यतिथि पर बुधवार को अटूट भंडारा लगाया जाएगा जानकारी एवंनता ग्रुप के अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने दी बताया कि यह भंडारा पुराने बस स्टैंड पर छोटू राम पार्क के सामने अचल मुनि जी की याद में लगाया जाता है उन्होंने बताया कि अचल मुनि महाराज न केवल जैन संत थे बल्कि उन्होंने समाज की कुरितियों को दूर करने के लिए, प्रवचनों के माध्यम से प्रेरणा थी।

### संदिग्ध हालात में युवती लापता, मामला दर्ज

**जींद।** गांधी नगर नरवाना से युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर शहर थाना नरवाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांधी नगर निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी 16 वर्षीय भांजी घर से गायब हो गई।

### दो स्थानों से पांच पशु चोरी, शिकायत दर्ज

**जींद।** गांव बनियाखेडा तथा रिटौली से बीती रात चोरों ने तीन भैंस तथा दो कटडिय़ों को चोरी कर लिया। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने शिकायतों के आधार पर चोरी के मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बनियाखेड़ा निवासी ओमप्रकाश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने पशुबाड़े का ताला तोड़ कर दो भैंस तथा एक कटड़ी को चोरी कर लिया।

### नव वर्ष की पूर्व संध्या पर होगा जागरण एवं भंडारा

**उचाना।** नव वर्ष के उपलक्ष में देवी भूमि बनभौरी स्थित माता भ्रामरी धाम में 31 दिसम्बर को भंडारा एवं जागरण का आयोजन होगा। पुजारी शिवकुमार कौशिक ने बताया कि हर साल की पूर्व संध्या पर मंदिर परिसर में जागरण एवं भंडारा का आयोजन होता है। दूर.दराज से श्रद्धालु माता भ्रामरी के धाम से नववर्ष की शुरूआत करने के लिए पहुंचते है। माता के भक्तिमय गीतों से नव वर्ष की शुरूआत के बाद माता के दर्शन श्रद्धालु करते है।

### पूर्व मंत्री की पत्नी के निधन पर जताया शोक

**उचाना।** पूर्व मंत्री चौधरी देशराज नंबरदार की धर्मपत्नी माया देवी के निधन पर पूर्व मंत्री, पूर्व सांसद, प्रमुख लोगों के साथ आमजन ने करसिंधु आवास पहुंच कर शोक प्रकट किया। पूर्व मंत्री अनूप धानक, लाजवंती ढिल्लों, हर्ष बामल, दिनेश डाहोला, गुलजार मलिक सहित अनेक गणमान्य शोक प्रकट करने पहुंचे।

### 180 लीटर लाहण के साथ एक गिरफ्तार

**जींद।** सीआईए स्टाफ नरवाना ने गांव उझाना में एक मकान पर छापेमारी कर 180 लीटर लाहण बरामद की है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। सीआईए स्टाफ नरवाना को सूचना मिली थी कि गांव उझाना निवासी रामकरण शराब को अवैध कारोबार करता है। वह अपने घर में कच्ची शराब निकालने की तैयारी कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने रामकरण के घर पर छापेमारी कर तलाशी ली तो वहां से 180 लीटर लाहण बरामद हुई।

### निःशुल्क प्रशिक्षण कोर्स एक जनवरी से होगा शुरू

**नरवाना।** पंजाब नैशनल बैंक कृषक प्रशिक्षण केंद्र सच्चा खेड़ा द्वारा क्षेत्र के युवाओं एवं महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से सिलाई एवं बेसिक कंप्यूटर का तीन माह का निशुल्क प्रशिक्षण कोर्स आगामी एक जनवरी से प्रारंभ किया जा रहा है। पंजाब नेशनल बैंक कृषक प्रशिक्षण केंद्र के निदेशक हितेश ने जानकारी दी।

### एसडीएम ने किया शहर के स्थलों का दौरा

**जींद।** सफीदों के एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानी एवं देश को आजादी दिलवाने वाले शहीद हमारे गर्व एवं गौरव का प्रतीक हैं। उनकी स्मृतियों को संजोने और नई पीढ़ी में देश भक्ति की भावना को और प्रबल करने के उद्देश्य से सफीदों शहर के प्रमुख चौक चौराहों पर स्वतंत्रता सेनानियों एवं शहीदों की प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी।

## इंदौर में हुआ प्रतियोगिता का आयोजन

# वेदांता स्कूल के आशु का कराटे प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन

### आशु ने राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में किया हरियाणा का प्रतिनिधित्व

देशभर के विभिन्न राज्यों से चयनित श्रेष्ठ खिलाड़ियों ने भाग लिया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। आशु को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि



कैथल। एसपी उपासना प्रतियोगिता में अव्वल रहे विद्यार्थियों को सम्मानित करते।

वेदांता इंटरनेशनल स्कूल कलौदा खुर्द के लिए यह क्षण अत्यंत गौरव, प्रसन्नता और उत्साह से भरपूर है। विद्यालय के प्रतिभाशाली छात्र आशु ने राष्ट्रीय स्तर की कराटे प्रतियोगिता नेशनल स्कूल गेम्स में भाग लेकर हरियाणा राज्य का प्रतिनिधित्व किया और अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय का नाम राष्ट्रीय मंच पर रोशन किया। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता इंदौर मध्य प्रदेश में आयोजित की गई। जिसमें देशभर के विभिन्न राज्यों से चयनित श्रेष्ठ खिलाड़ियों ने भाग लिया। कड़ी प्रतिस्पर्धा और उच्च स्तरीय मुकाबलों के बीच आशु ने अपने अद्भुत खेल कौशल, अनुशासन, आत्मविश्वास और समर्पण का परिचय देते हुए शानदार प्रदर्शन किया तथा प्रतियोगिता में उल्लेखनीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता से लौटने पर आशु का विद्यालय परिसर में उत्साह और गर्व के वातावरण के बीच भव्य स्वागत किया गया। इस उपलब्धि से पूरे विद्यालय में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या वीणा डारा ने आशु को हार्दिक बधाई देते कहा कि आशु की सफलता यह प्रमाणित करती है कि निरंतर अभ्यास, सही मार्गदर्शन और मजबूत इच्छाशक्ति से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। वह हमारे सभी विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है। विद्यालय के निदेशक इंजीनियर प्रदीप नैन ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि कराटे जैसे खेलों में आज अपार संभावनाएं हैं। यह खेल न केवल शारीरिक क्षमता को सुदृढ़ करता है बल्कि आत्मसंयम, अनुशासन और आत्मरक्षा की भावना भी विकसित करता है। वेदांता इंटरनेशनल स्कूल छात्रों को हर क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रोत्साहित करता रहेगा। उल्लेखनीय है कि विद्यालय में पिछले कई वर्षों से कराटे अकादमी सफलतापूर्वक संचालित की जा रही है, जहां कोच कमलजीत सर एवं कोच सुनील द्वारा विद्यार्थियों को नियमित, व्यवस्थित और उन्नत प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। इसी प्रशिक्षण के परिणामस्वरूप छात्र राज्य राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। छात्र आशु की इस उपलब्धि के सम्मान में आयोजित विशेष कार्यक्रम में सभी कोचों के साथ डीपी मेनका एवं डीपी शिव भी उपस्थित रहे। सभी गणमान्य व्यक्तियों ने आशु को सम्मानित कर उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वेदांता इंटरनेशनल स्कूल का उद्देश्य केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता तक सीमित न रहकर खेलों एवं सहपाठ्यक्रम गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना है। छात्र आशु की यह उपलब्धि विद्यालय की इसी दूरदर्शी सोच और सतत प्रयासों का सशक्त प्रमाण है।

### सड़क सुरक्षा प्रश्नोत्तरी में आईटीआई राजौंद की टीम प्रथम

**कैथल।** इंटर स्कूल सड़क सुरक्षा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता 2025–26 का जिला स्तरीय आयोजन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, जीन्द रोड, कैथल में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में जिले के स्कूलों, कॉलेजों एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के कुल 69 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आईटीआई कैथल में आयोजित परीक्षा दौरान एसपी उपासना द्वारा निरीक्षण किया गया। परीक्षा 4 लेवल पर हुई । लेवल 1 में कक्षा 3 से 5 तक के विद्यार्थी, लेवल 2 में कक्षा 6 से 8, लेवल 3 में कक्षा 9 वीं से 12 वी व लेवल 4 कॉलेज व आईटीआई के बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में स्तर-1 (कक्षा 3 से 5) में प्रथम स्थान : द इंडियन हाइट इंटरनेशनल स्कूल, गुहला खंड , अक्षित गोयल, निविद गोयल एवं एकनूर, द्वितीय स्थान : अकाल अकादमी, हाबड़ी, पुंडरी खंड, एकमजोत कौर, मनवीर सिंह एवं हरगुन कौर तथा तृतीय स्थान : राजकीय प्राथमिक पाठशाला, रामथली, सीवन खंड-कुनाल, रेनूका व हिमानी ने पाया। स्तर-2 (कक्षा 6 से 8)में प्रथम स्थान : आरोही मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, रामगढ़ पांडवा, कलायत खंड,पंकज, चंचल एवं महक, द्वितीय स्थान : डीएवी स्कूल, चीका , विश्वास बंसल, तर्जनी एवं पीयूष तथा तृतीय स्थान : राजकीय माध्यमिक विद्यालय, रमान-रमानी, पुंडरी खंड, रजत, नमन एवं भावित ने हासिल किया।



भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी व पूर्व राज्यमंत्री कमलेश का अभिनंदन करते पार्षद व कार्यकर्ता।

### नपा उप प्रधान पद के चुनाव को लेकर गतिविधियां तेज

**कलायत।** कलायत नगर पालिका में उप प्रधान पद के चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। वार्ड नंबर 12 से पार्षद अमित बेद के आवास पर आयोजित जलपान कार्यक्रम में सियासत में भारी हलचल पैदा कर गया। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी, पूर्व राज्य मंत्री कमलेश ढांडा, डीएनटी वाइस चेयरमैन जसवंत पठानिया, सांसद नवीन जिंदल प्रतिनिधि रविंद्र धीमान, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजीव राजपूत और मंडल प्रभारी जंगीर सिसला सहित जिला एवं मंडल के पदाधिकारी-कार्यकर्ता मौजूद रहे। नगर पालिका के आठ निर्वाचित एवं दो मनोनीत पार्षदों की तरफ से उप प्रधान पद के लिए अपनी रणनीति पर विचार-विमर्श किया। इस दौरान वार्ड 1 से पार्षद कुमारी रेणू धानियां के नाम प्रस्ताव उप प्रधान पद के पार्षदों द्वारा रखा गया। पार्षदों ने एक स्वर में कहा कि नगर पालिका में महिला नेतृत्व को आगे बढ़ाना समय की मांग है। रेणु धानियां इसके लिए उपयुक्त उम्मीदवार हैं।

### गुम हुए 52 मोबाइलों को मालिकों के हवाले किया

**जींद।** साइबर सुरक्षा शाखा ने आम जनता के गुम हुए 52 मोबाइल फोन तलाश करके उनके असल मालिकों के हवाले किए हैं। पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह द्वारा मोबाइल मालिकों को ये मोबाइल सौंपे गए हैं। जो व्यक्ति मोबाइल लेने के लिए पुलिस अधीक्षक कार्यालय में नही आ पाए, पुलिस विभाग ने उनके घर जाकर उन्हें मोबाइल दिए। पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि इस संबंध में मिली शिकायतों पर कार्यवाही करते हुए जींद साइबर सुरक्षा इंचार्ज पीएसआई अनमोल के नेतृत्व में सिपाही अनिल कुमार ने एक नंवबर से 30 दिसंबर तक के जींद जिले से गुम हुए 52 मोबाइल फोन की तलाश की है। बरामद किए गए मोबाइल की कीमत लगभग आठ लाख 50 हजार रुपये है। साइबर सैल को आम जनता के गुम हुए मोबाइल को बरामद करने के संबंध में विशेष दिशा-निर्देश जारी किए हुए हैं।



जींद। बैठक की अध्यक्षता करते एडीसी प्रदीप कुमार। फोटो :हरिभूमि

### जल जीवन मिशन से जुड़े कार्यों की प्रगति की समीक्षा की

**जींद।** जिला जल एवं सीवरेज मिशन की दूसरी बैठक मंगलवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा के मार्गदर्शन और अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन से जुड़े कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि जल हमारे जीवन का अहम विषय हैं, जो हर घर तक पहुंचना चाहिए। इनसे जुड़े कार्यों की समय-समय पर समीक्षा जरूरी है ताकि जिले में हो रहे विकास कार्यों को गति मिल सके और सभी कमियों को समय रहते दूर किया जा सके। उन्होंने सभी एजेंडों की विस्तार से जानकारी ली और अब तक हुए कार्यों की समीक्षा की। अतिरिक्त उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों को आपसी तालमेल से काम करने और जल जीवन मिशन के कार्यों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। इससे पूर्व एक्सईएन पीएचईडी भानु प्रकाश शर्मा ने बैठक में विभाग द्वारा करवाए जा रहे कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि जिले की 300 ग्राम पंचायतों में से 290 में जल एवं सीवरेज समिति का पुनर्गठन हो चुका है। शेष 10 के पुनर्गठन का काम चल रहा है। बताया कि गांवों में जल संरक्षण, पानी के बिल एकत्रित करने और अन्य कामों के लिए स्वयं सहायता समूहों को वीडब्लूएसई में शामिल किया जा रहा है।

# एनएसएस शिविर का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



जेड किंग आफ इंस्टीटयूट के एमडी नरेश राविश का स्वागत करते अधिकारी

एमडीएम ग्लोबल स्कूल, कैथल में राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस के सात दिवसीय शिविर का भव्य शुभारंभ 30 दिसंबर को अत्यंत गरिमामय वातावरण में किया गया। उद्घाटन समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसके उपरांत सरस्वती वंदना, वंदे मातरम् तथा एनएसएस गीत का सामूहिक गायन किया गया।

इन आयोजनों के माध्यम से राष्ट्र के प्रति सम्मान, सेवा और समर्पण की भावना को सुदृढ़ किया गया। समारोह का उद्घाटन डॉ. विनोद कुमार निदेशक, निधि कंसल चेयरपर्सन, गौरव गर्ग मैनेजर, डॉ. संत कौशिक प्राचार्य, नरेश रवीश रिसोर्स पर्सन तथा प्रीति एनएसएस अधिकारी ने किया। रिसोर्स पर्सन नरेश रवीश का एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा तिलक एवं बैज लगाकर आत्मीय स्वागत किया गया। रिसोर्स पर्सन नरेश राविश ने विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा और उससे जुड़ी चुनौतियों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आज के डिजिटल युग में सोशल मीडिया, ऑनलाइन लेन-देन, फिशिंग, साइबर बुलिंग और डेटा गोपनीयता जैसे मुद्दे अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।



पूंडरी। फतेहपुर स्कूल में बच्चों को जर्सी वितरण करते सरपंच लाभ सिंह व अन्य।

### 800 बच्चों को गर्म जर्सियां वितरित

**पूंडरी।** फतेहपुर में समस्त ग्रामीणों के सहयोग से एक सराहनीय सामाजिक पहल करते हुए गांव के दोनों सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत लगभग 800 बच्चों को सर्दी से राहत देने के लिए गर्म जर्सियां वितरित की गईं। इस अवसर पर राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल फतेहपुर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यातिथि के रूप में विधायक सतपाल जांबा के भाई एवं सरपंच लाभ सिंह जांबा ने शिरकत की, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच सोहनलाल वर्मा ने की। मुख्यातिथि सरपंच लाभ सिंह जांबा ने बच्चों को जर्सियां वितरित करते कहा कि यह एक अत्यंत नेक और प्रेरणादायक कार्य है। कहा कि कड़ाके की सर्दी के इस मौसम में कई बच्चे आर्थिक अभाव के कारण ठंड में ठिठुरने को मजबूर होते हैं। ऐसे में ग्रामीणों द्वारा एकजुट होकर जरूरतमंद बच्चों की सहायता करना समाज में आपसी सहयोग, भाईचारे और संवेदनशीलता का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सेवा कार्यों से बच्चों के चेहरे पर मुस्कान आती है और उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। अध्यक्षता करते हुए सरपंच सोहनलाल वर्मा ने सभी ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते कहा कि गांव फतेहपुर हमेशा सामाजिक कार्यों में अग्रणी रहा है और भविष्य में भी इस तरह के जनहितकारी कार्य निरंतर जारी रहेंगे।

## शिव प्राइमरी स्कूल में सम्मान समारोह का आयोजन

# स्वदेशी उत्पादों का प्रयोग करने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। कार्यक्रम को संबोधित करते मीडिया सलाहकार सुदेश कटारिया।

रोहतक रोड स्थित शिव प्राईमरी स्कूल में मध्य उत्तरी हरियाणा विकास संगठन की युवा प्रदेशाध्यक्ष श्रीमती वृंदा शर्मा द्वारा एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह के मुख्यअतिथि केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल के प्रमुख मीडिया सलाहकार सुदेश कटारिया रहे तथा समारोह की अध्यक्षता (भारत तिब्बत समन्वय संघ) के राष्ट्रीय मंत्री राजेन्द्र गुप्ता अमरगढ़ वाले ने की। मध्य उत्तरी हरियाणा विकास संगठन के प्रदेशाध्यक्ष शिव नारायण शर्मा ने आए हुए सभी मेहमानों का स्वागत किया। मुख्यअतिथि को भगवान परशुराम का फरसा वृंदा शर्मा व शिवनारायण शर्मा ने भेंट किया। इस समारोह के मुख्य अतिथि सुदेश कटारिया ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते कहा कि संविधान निर्माता डा. भीमराव अम्बेडकर के द्वारा जन कल्याण हेतु किया गया हर कार्य हम सभी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है व बताया कि नरेंद्र मोदी सरकार की योजनाओं का लाभ समाज की पिछली पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही हमारा लक्ष्य है। इस समारोह में राजेन्द्र गुप्ता ने स्वदेशी जागरण अभियान के बारे में लोगों को जागरूक किया। उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें विदेशी उत्पाद का प्रयोग करने के स्थान पर स्वदेशी उत्पादों का प्रयोग करना चाहिए।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर सुदेश कटारिया, राजेन्द्र गुप्ता, शिव नारायण शर्मा तथा युवा प्रदेशाध्यक्ष वृंदा शर्मा ने नव वर्ष के अवसर पर समाज के लिए अच्छा कार्य करने तथा सामाजिक कार्यों में अपना योगदान देने के लिए उपस्थित लोगों को सम्मानित किया। इस अवसर पर कृष्ण रेढ़, सुभाष ढिवाना, सतीश जिंदल, आशुतोष गालव, राजबीर श्योराण, अनिल सैनी, ओम प्रकाश शास्त्री, रामचन्द्र शर्मा, फूल कुमार शास्त्री, सुमन, सुदेश, श्वेता, पूजा, शकुंतला, मीना, हसीना, सीमा दालमवाला, संतोष, बिमला, नीलम, पूनम, आरती, जोगिन्द्रो, सरोज, रामरती, रसाली आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### कन्या उच्च विद्यालय ढांड हिन्दी लेखन में प्रथम

**कैथल।** भारत विकास परिषद व दी रिलीफ इंटरनेशनल ग्रुप कोल द्वारा आयोजित आठवीं खंड स्तरीय प्रश्नोत्तरी, लेखन कला तथा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन राधा कृष्ण धर्मशाला ढाण्ड में करवाया गया जिसमें मुख्य अतिथि मार्किट कमेटी के चेयरमैन विजेन्द्र मैहला रहे। इस प्रतियोगिता में खंड ढाण्ड के स्कूलों से लगभग 200 बच्चों ने भाग लिया। अध्यापक रोशन लाल पंवार ने बताया कि राजकीय कन्या उच्च विद्यालय ढाण्ड की छात्राओं ने सराहनीय प्रदर्शन करते हुए लेखन कला में प्रिया पुत्री जितेन्द्र राय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। क्विज में प्रिया पुत्री राजेश, खुशी जांगड़ा तथा खुशी पुत्री आशीष कुमार की टीम ने खंड में तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी प्रतिभागियों को संस्था द्वारा स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रोशन पंवार, विकास धीमान, सुखबीर शर्मा, सुदेश देवी, ज्योति रानी, रीना सैनी तथा अनिता रानी उपस्थित रहे।

### सभी करप्शन पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाएं

**कैथल।** पुलिस अधीक्षक उपासना द्वारा मंगलवार को पुलिस लाइन कैथल में एक महत्वपूर्ण क्राइम मीटिंग आयोजित की गई। बैठक में डीएसपी वीरभान, डीएसपी कुलदीप बेनीवाल, डीएसपी ललित कुमार, डीएसपी गुरविंद सिंह, डीएसपी सुशील प्रकाश सहित सभी थाना एवं चौकी प्रभारी तथा विभिन्न क्राइम यूनिटों के प्रभारी उपस्थित रहे। बैठक में गंभीर अपराधों की जांच, लंबित मामलों के निपटारे, गिरफ्तारी दर में वृद्धि, नशा व साइबर अपराधों पर नियंत्रण, महिला सुरक्षा तथा शिकायत निवारण प्रक्रिया को लेकर महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए गए। एसपी उपासना ने कहा कि पुलिस का पहला कर्तव्य अपना काम अच्छे से करते हुए अपराधी को पकड़ कर जनता को सुरक्षित माहौल देना है। एसपी ने सभी को आदेश दिए कि थाना चौकी में आने वाले परिवादियों से मधुर व्यवहार करते हुए उनकी परिवाद पर जल्दी से जल्दी कार्रवाई करते हुए न्याय दिलवाने का काम करें। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारी करप्शन पर जीरो टॉलरेंस की नीति हर हाल में सुनिश्चित करें। गंभीर व जघन्य अपराधों की जांच में तेजी और समयबद्धता पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

### स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास : कंडोला

**कैथल।** दर्शन अकादमी जगदीशपुरा में आयोजित दो दिवसीय स्पोर्ट्स मीट का आज सफलतापूर्वक समापन हुआ। दूसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय कबड्डी खिलाड़ी विकास कंडोला उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत भारतीय संस्कृति एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार चंदन का टीका लगाकर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कंडोला ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। उन्होंने खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेलों के माध्यम से व्यक्ति अपना, अपने परिवार का तथा अपने देश का नाम रोशन कर सकता है। स्पोर्ट्स मीट के दौरान विभिन्न वर्गों के छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग खेल प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई। कक्षा छठी से आठवीं तक के विद्यार्थियों के बीच 'टग ऑफ वॉर' प्रतियोगिता करवाई गई, जिसमें दर्शन अकादमी प्रताप गेट के विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### क्योंड़क में बेटी जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन

**कैथल।** भारत विकास परिषद शाखा क्योंड़क के तत्वावधान में स्वतंत्रता सेनानी चंदू राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय क्योड़क में अध्ययनरत छात्राओं के लिए "बेटी जन्मोत्सव कार्यक्रम" का आयोजन गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं में आत्मविश्वास, सामाजिक सम्मान और सकारात्मक सोच का संचार करना रहा। अगस्त से दिसंबर माह के बीच जन्म लेने वाली 72 छात्राओं का सामूहिक रूप से जन्मदिवस मनाया गया। सभी छात्राओं को मंच पर आमंत्रित कर पुष्पमालाएं पहनाई गईं तथा उपहार प्रदान किए गए। परिषद द्वारा लड्डू वितरित कर छात्राओं एवं विद्यालय स्टाफ के साथ खुशियाँ साझा की गईं। आयोजन के दौरान छात्राओं के चेहरे पर प्रसन्नता और आत्मगौरव की झलक स्पष्ट दिखाई दी।

### जिला स्तरीय प्रतियोगिता में नव प्रगति स्कूल के छात्र का चयन

**जींद।** फेडरेशन ऑफ प्राइवेट स्कूल्स वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा आयोजित ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में न्यू प्रगति सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने सराहनीय प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय से कक्षा 10 के 10 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में 13 विद्यालयों के छात्रों ने हिस्सा लिया। जिसमें हमारे विद्यालय के छात्र सूरज (कक्षा 10) ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए टॉप 10 में चौथा स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय की प्राचार्या लाजवंती ढिल्लो ने छात्र को शुभकामनाएं दी और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उप प्राचार्य जितेंद्र कुमार ने भी छात्र के प्रयासों की सराहना की। विज्ञान अध्यापिका श्रुति एवं समस्त विद्यालय स्टाफ ने इस सफलता को विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम बताया। विद्यालय परिवार को इस उपलब्धि पर गर्व है।

### टीबी मुक्त पंचायत प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**उचाना।** राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत उपमंडल कार्यालय उचाना में टीबी मुक्त पंचायत जागरूकता वर्कशॉप का आयोजन किया। टीबी मुक्त पंचायत के लिए की जाने वाली गतिविधियों के बारे जागरूक किया गय। डा. चंद्रमणि ने ग्राम सचिवों, सरपंचों को बताया कि किस प्रकार उनके सहयोग से पंचायत टीबी मुक्त की जा सकती है। बताया कि टीबी कार्यक्रम से संबंधित सेवा में सहयोग एवं सामुदायिक जागरूकता बढ़ाने पर जोर दे। टीबी सुपरवाइजर जगबीर चहल ने बताया कि टीबी एक संक्रामक रोग है जो माइकोबेक्ट्रियम ट्यूबरक्यूलोसिस नाम के जीवाणु से होता है। टीबी रोग के लक्षणए फैलने से बचाव व उपचार के बारे में भी विस्तार से बताया गया। अवसर पर पवन कुमार एसईपीओ, अजय कुमार, मनीषा कुमारी, जगबीर सिंह हेल्थ सुपरवाइजर, सत्यवान वर्मा के साथ-साथ ग्राम सचिव एवं सरपंच मौजूद रहे।

### आरकेएसडी कॉलेज के खिलाड़ी संदीप ने जीता गोल्ड

कैथल। आरकेएसडी कॉलेज कैथल के होनहार खिलाड़ी संदीप कुमार ने राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कॉलेज, जिले एवं प्रदेश का नाम रोशन किया है। संदीप कुमार ने छठी पैरा नेशनल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक जीतने का गौरव प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त उन्होंने हरियाणा टीम की ओर से मिक्स्ड पैरा स्पर्धा में भी एक स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इसके बाद संदीप कुमार ने 68वीं राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप, जो भोपाल में 11 दिसम्बर 2025 से 30 दिसम्बर 2025 तक आयोजित की गई, में भी स्वर्ण पदक जीतकर उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की। इस उपलब्धि के आधार पर उनका भारतीय शूटिंग टीम के ट्रायल के लिए चयन भी हुआ है। साथ ही उन्होंने संसद खेल महोत्सव में भी स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

### स्वयंसेवकों को दी पर्यावरण संरक्षण की सीख

**राजौंद।** आरोही आदर्श वमावि ग्योंग में सात दिवसीय एन एस एस शिविर शुरू हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत वंदे मातरम गीत से की गई। तत्पश्चात एस एम सी प्रधान डॉ जगपाल ने सरस्वती मां की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया व सभी वालंटियर्स ने मां सरस्वती की वंदना की। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य का कामकाज देख रहे हीरा सिंह ने एन एस एस के महत्व से जुड़े अपने अनुभव साझा किए। इस दौरान एन एस एस कार्यक्रम अधिकारी दिनेश कुमार ने एनएस एस के उद्देश्य महत्व व कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने सभी वालंटियर्स को पर्यावरण सुरक्षा,नशा मुक्ति के विषय में विशेष जानकारी दी। इस दौरान सभी ने मिलजुलकर दोपहर का भोजन किया ताकि सहयोग की भावना का विकास हो सके। इस अवसर पर प्रतिभा,संदीप दुबे, प्रोमिला सहित सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

### अपराध छोड़कर कानून का सम्मान करना समझदारी

**सीवन।** सीवन के थाना प्रभारी पारस कुमार ने अपराधियों और सट्टेबाजों को कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि थाना क्षेत्र में किसी भी तरह का अपराध बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सट्टेबाजी समाज को खोखला करने वाला अपराध है और इसे किसी भी कीमत पर पनपने नहीं दिया जाएगा। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार थाना सीवन पुलिस पूरी तरह एक्शन मोड में है और अपराध से जुड़े हर व्यक्ति पर पैनी नजर रखी जा रही है। थाना प्रभारी पारस कुमार ने कहा कि जो लोग अपने आप को कानून से ऊपर समझते हैं, उन्हें अब अपनी गलतफहमी दूर कर लेनी चाहिए। अपराधी चाहे कितना ही शातिर क्यों न हो, पुलिस की पकड़ से बच नहीं पाएगा। सट्टे के अड्डों पर लगातार दबिश दी जा रही है और अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि पुराने आपराधिक रिकॉर्ड भी खंगाले जा रहे हैं और दोबारा अपराध करने वालों पर विशेष सख्ती बरती जाएगी। युवाओं को अपराध के रास्ते से दूर रहने की सख्त हिदायत दी गई है, अन्यथा कानून अपना काम करेगा।

### सात दिवसीय कैंप शुरू

**राजौंद।** राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल राजौंद में मंगलवार को सात दिवसीय कैम्प का शुभारंभ किया गया। प्रधानाचार्य विजेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में बच्चों ने काफी उत्साह दिखाया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय गीत से की गई तथा बच्चों ने सुबह योगाभ्यास किया। इस अंग्रेजी प्रवक्ता भूपेन्द्र सिंह ने बच्चों को संबोधित करते समाज के निर्माण में सार्थक योगदान देने तथा भविष्य के प्रति गंभीर रहने की सीख दी।

**सूचना**

हम, श्याम लाल पुत्र श्री ईश्वर गर्ग और ज्योति बंसल पत्नी श्री श्याम लाल निवासी मकान नंबर-124, मॉडल टाउन, जींद रोड, कैथल-136027 बयान करते हैं कि हमारा पुत्र निखिल गोयल हमारे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये हम इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हैं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। हमारी व हमारे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## इस साल कैथल ने जहां कई मुकाम हासिल किए वहीं, कई कड़वी हकीकत भी सामने आए, पेश है साल का लेखा-जोखा

# कैथल के डीसी कॉलोनी नीलामी विवाद की रही गूंज तो अमेरिका से जिले के 14 युवा हुए डिपोर्ट

**खट्टी मिठी यादें छोड गया 2025**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

वर्ष 2025 अलविदा होने को है। 2025 खट्टी मिठी यादें छोड गया। 2025 में कैथल का डीसी कॉलोनी नीलामी विवाद की गूंज न केवल प्रदेश बल्कि देश भर में रही। करोडों की नीलामी का यह मामला विवादों में रहा। करीब 50 वर्षों से लंबित यह मामला सिरे नहीं चढ सका। कथित अनियमितताओं के आरोपों के बीच सरकार को नीलामी रद्द तक करनी पड़ी। इस साल में अमेरिका से डिपोर्ट होकर लौटे 14 युवाओं के विदेशी सपनों की कड़वी हकीकत सामने आई। इसके बाद जिले में ऐसी कई घटनाएं सामने आईं, जिन्होंने कैथल को पूरे प्रदेश में सुर्खियों में रखा। 19 दिसंबर को गांव पाई में पुरानी जमीनी रंजिश के चलते ताऊ-भतीजे की गोली मारकर हत्या ने पूरे क्षेत्र को दहला दिया। सड़क हादसे भी भारी पड़े—क्योड़क के पास बोलेरो-बस टक्कर में 5 सेवादारों की मौत और होली के दिन 6 लोगों की जान जाने ने सड़क सुरक्षा पर सवाल उठाए।

### हरविंद्र सिंह पद्मश्री से सम्मानित


हरविंद्र सिंह

पैरालिंपिक में दो बार के पदक विजेता अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हरविंद्र सिंह को पद्मश्री से सम्मानित किया गया। विभिन्न खेलों के 15 खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय और करीब 70 खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर पदक किए हासिल। सांसद खेल स्पर्धा में जिले के खिलाड़ियों ने करीब एक करोड़ रुपये नकद इनाम जीता। विश्व बाक्सिंग चैंपियनशिप में खिलाड़ी नैतिक ने जीता स्वर्ण पदक। जूडो और कुराश की विश्व चैंपियनशिप स्पर्धा में खिलाड़ी खुशी और सिमरन ने पदक जीते। गांव पाई निवासी पूजा ढुल नरवाल ने कबड्डी विश्व कप स्पर्धा जीती थी।

### गवाही से गायब रहने पर इंस्पेक्टर को हवालात

11 सितंबर को 4 साल पुराने हत्या केस में बार-बार गवाही पर पेश नहीं होने पर कोर्ट ने बड़ा कदम उठाया। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश मोहित अग्रवाल ने इंस्पेक्टर राजेश कुमार को कोर्ट में ही हिरासत में लेकर एक घंटे हवालात में बंद करने का आदेश दिया। अदालत ने स्पष्ट संदेश दिया कि कानून सबके लिए बराबर है और कोर्ट की अवहेलना बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### पाई में ताऊ भतीजे की हत्या, दुश्मनी का बदला

19 दिसंबर को गांव पाई में पुरानी जमीनी रंजिश ने फिर खून बहा दिया। बताया गया कि वर्ष 2012 में हुई दो हत्याओं के बदले के तौर पर सुबह-सुबह ताऊ राजेंद्र और भाना राम की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस घटना ने एक बार फिर पुराने विवादों को समय रहते न सुलझाने के खतरनाक परिणामों को सामने ला दिया।

### नगरपालिका चुनावों में भाजपा को बड़ा झटका

3 मार्च को हुए सीवन, पूंडरी और कलायत नगरपालिका चुनावों ने राजनीतिक माहौल गरमा दिया। तीनों ही निकायों में भाजपा हार गई और निर्दलीय व आजाद उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की। कलायत में अंकित जैलदार, पूंडरी में बबली गोस्वामी और सीवन में हेमलता सैनी विजेता बने। भाजपा की हार को जनता के रुझान का बड़ा संकेत माना गया। राजनीतिक हलकों में इन परिणामों ने पार्टी की रणनीति और जनसंपर्क पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए।

### अर्पणदीप 12वीं का टॉपर्स


अर्पणदीप सिंह

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 12वीं कॉमर्स परीक्षा में 500 में से 497 अंक लेकर गांव स्योंमाजरा के सरकारी स्कूल के छात्र अर्पणदीप सिंह ने पूरे प्रदेश में टॉप किया।सरकारी स्कूल का छात्र होने के बावजूद पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल कर उसने साबित किया कि बेहतर नतीजे संसाधनों से नहीं, बल्कि मेहनत और लगन से मिलते हैं।

### रिकार्ड विकास कार्य करवाए


विधायक सतपाल जांबा

वर्ष 2025 हलका पूंडरी के इतिहास में विकास के नाम से जाना जाएगा। वर्ष 2025 में हलका पूंडरी के विधायक सतपाल जांबा ने हलका पूंडरी में करीब 500 करोड से भी अधिक के विकास कार्य करवाए गए। बता दें कि इससे पूर्व हलका में कभी भी इतने रिकार्ड कार्य नहीं करवाए। 500 करोड के रिकार्ड का विकास कार्य का डंका पूरे हरियाणा में बजा।

### पाक एजेंसी को सूचना देने पर मस्तगढ़ का युवक गिरफ्तार

पाकिस्तान की खूफिया एजेंसी को सूचना देने पर पुलिस ने 13 मई को गांव मस्तगढ़ के 25 वर्षीय देवेंद्र सिंह ढिल्लों की गिरफ्तारी की। अवैध हथियारों की फोटो शेयर करने पर यह मामला सामने आया। बता दें कि आरोपी 2024 में ननकाना साहिब गया था और वहीं संपर्क में आकर भारत लौटने के बाद आर्मी कैंट जैसी संवेदनशील जगहों की तस्वीरें भेजने लगा। उसके मोबाइल से कई अहम जानकारियां मिलीं और उसके खिलाफ साइबर थाना में भी केस दर्ज हुआ। आरोपी फिलहाल जेल में है।

**खाद संकट से परेशानी:** खाद संकट, लेबर कमी, वायरस अटैक, बारिश से 25 हजार एकड़ फसल डूबना और फिर एमएसपी पर खरीद संकट ने उन्हें पूरे सीजन परेशान रखा। सुरक्षा मोर्चे पर पाकिस्तान कनेक्शन वाला युवक पकड़ा गया।

### वर्ष 2025 में अपराध ग्राफ में आई गिरावट

वर्ष 2025 में अपराध ग्राफ में गिरावट दर्ज गई । 2025 में 198 नशा तस्कर गिरफ्तार किए गए तथा चोरी करने वाले 23 गैंग के 65 सदस्य काबू किए गए। विशेष अभियानों में 112 मामलों में 198 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया तथा उनके कब्जे से भारी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद किए गए। इसके अतिरिक्त चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाते हुए चोरी करने वाले 23 सक्रिय गैंगों के 65 सदस्यों को काबू कर 155 मामलों का सफल खुलासा किया गया। वर्ष 2025 में जिले में दर्ज 26 हत्या के मामलों में पुलिस द्वारा सभी मामलों का सफलतापूर्वक सुलझाते हुए 83 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

### खिलाड़ियों को नहीं मिल सकी कबड्डी नर्सरी

बता दें कि जिले में 22 खेल स्टेडियम तथा 96 खेल नर्सरी हैं। 22 सरकारी कोच हैं। इनमें से 2375 को खुराक भत्ता मिलेगा। 10000 खिलाड़ी जिले में हैं। इसके बावजूद 12 खेलों के कोच नहीं हैं। जिले की पहली कबड्डी अकादमी का निर्माण कार्य भी पूरा नहीं हो पाया है। हालांकि जिले के खिलाड़ियों ने विदेशों में जाकर भी पदक जीते हैं, लेकिन स्थानीय स्तर पर मिलने वाली सुविधाओं के कारण हार गए हैं। खिलाड़ी साल भर इंतजार करते रहे कि जिले के खेल स्टेडियमों की रिपेयर होगी तो वे ठीक से अभ्यास भी कर सकेंगे। हालांकि दिसंबर में राजीव गांधी स्टेडियमों में रिपेयर के कार्य शुरू हो गए थे। जिले में 12 खेलों के तो सरकारी कोच ही नहीं हैं। ऐसे में खिलाड़ियों को प्राइवेट अकादमी में जाकर पैसे खर्च करने पड़े रहे हैं।

### अमेरिका से डिपोर्ट होकर लौटे युवाओं का भी छाया रहा मुद्दा

वर्ष 2025 में कैथल के युवाओं का अमेरिका से डिपोर्ट होना सबसे ज्यादा चर्चा में रहा। अक्टूबर 2025 में डंकी रूट से अमेरिका गए कई हरियाणा युवाओं को अमेरिका सरकार ने अवैध प्रवास के आरोप में वापस भेज दिया। इनमें से कैथल के लगभग 14 युवा विशेष रूप से डिपोर्ट होकर लौटे हैं, जिन्हें दिल्ली एयरपोर्ट पर पुलिस ने ग्रहण किया और उनके परिजन उन्हें कैथल लेकर आए। कई युवाओं ने बताया कि वे जंगल, रेगिस्तान और खतरनाक मार्ग पार कर अमेरिका गए थे, लेकिन जेल और लंबे अंतराल के बाद डिपोर्ट होना पड़ा। इन मामलों में युवाओं ने जमीन बेचकर या बड़े खर्चे करके विदेश जाने की कोशिश की थी, लेकिन नियमों के उल्लंघन के कारण उन्हें वापस भेज दिया गया। कुल मिलाकर हरियाणा से लगभग 50 से अधिक युवक अमेरिका से डिपोर्ट होकर भारत लौटे, जिसमें कैथल के युवाओं की संख्या प्रमुख है।

---

**2025**

*नागरिक अस्पताल जींद में सालों से रिक्त 55 पदों पर चिकित्सकों की हुई नियमित भर्ती*

# इस साल लोगों को मिली बड़ी राहत जींद में स्वास्थ्य ढांचा हुआ मजबूत

*जींद। साल 2025 ने जींद जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूती प्रदान की है। स्वास्थ्य विभाग की सक्रियता से पुरानी कमियों को दूर करते हुए नई सुविधाओं का विस्तार किया गया। जिससे आमजन को बेहतर और त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सकी। सालों से खाली अस्पताल में सभी 55 पदों पर चिकित्सकों की स्थायी नियुक्तियां हुई। इसके अलावा हैबतपुर मेडिकल कालेज में फौरी तौर पर उपचार की सुविधा मिली। वहीं अस्पताल में इमरजेंसी वार्ड को बढ़ा कर बीस वार्ड का किया। साथ ही जनऔषधि केंद्र भी खोला। आईसीयू का नियमित तौर पर संचालन हुआ तो सिटी स्कैन सुविधा शुरू हुई। गायनी वार्ड पुरानी से नई बिल्डिंग में पहुंचा।*

### 1975 में हुई थी नागरिक अस्पताल की शुरूआत

*जिला मुख्यालय पर 1975 में नागरिक अस्पताल की शुरूआत हुई थी। तब यह मात्र सौ बैड का था। इसके बाद नई बिल्डिंग बनी और यह 200 बैड का अस्पताल हो गया। 100 बैड पुरानी बिल्डिंग में और 100 बैड नई बिल्डिंग में हैं। वर्ष 2024 तक कभी अस्पताल में मौजूद 55 चिकित्सकों के पदों पर चिकित्सक नियमित भर्ती नही हुए थे लेकिन वर्ष 2025 में अस्पताल के सभी 55 पदों पर चिकित्सकों की नियमित भर्ती हुई। नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि अस्पताल में सालों से चिकित्सकों का अभाव खत्म हुआ है। सभी पदों पर चिकित्सकों की बहाली होने से लोगों को उपचार की बेहतर सुविधाएं मिली हैं। वहीं नागरिक अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग को 14.91 करोड़ से नया लुक दिया गया है। पुराने अस्पताल के भवन को गोहाना रोड की ओर से ढका जाएगा। इससे भवन आकर्षक लग रहा है। साथ ही नए शौचालय, मरीजों की सुविधा के लिए वातानुकुलित यंत्र, फायर सुरक्षा यंत्र भी लगाए जा रहे हैं। साथ ही मरीजों व उनके सहायकों की सुविधा के लिए व्यापक स्तर पर पार्किंग भी बनाई जा रही है।*




### हैबतपुर मेडिकल कॉलेज में ओपीडी सेवाओं का शुभारंभ

जिले के स्वास्थ्य परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में हैबतपुर मेडिकल कालेज में आउट पेशेंट डिपार्टमेंट (ओपीडी) सेवाओं की शुरुआत की गई। हालांकि कालेज से मरीजों को जींद अस्पताल भी रेफर किया गया। अब डेपुटेशन पर चिकित्सकों की डयूटियां लगा कर हैबतपुर मेडिकल कालेज में ओपीडी की जा रही है। इससे आसपास ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को भी लाभ मिला।

### इमरजेंसी वार्ड का विस्तार 10 से बढ़कर 20 बेड

आपातकालीन सेवाओं को मजबूत बनाने के लिए इमरजेंसी वार्ड की क्षमता को 10 बेड से बढ़ा कर 20 बेड कर दिया गया। इस विस्तार से दुर्घटना या अचानक बीमारी के मामलों में त्वरित उपचार संभव हो पाया है। फिजिशियन डा. विनिता ने बताया कि यह कदम जींद को स्वास्थ्य हब बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हुआ है।

### रिक्त पदों पर चिकित्सकों की हुई नियमित भर्ती

लंबे समय से चली आ रही डॉक्टरों की कमी की समस्या का अंत करते हुए नागरिक अस्पताल जींद में रिक्त चिकित्सक पदों पर नियमित भर्ती प्रक्रिया पूरी की हुई। चिकित्सकों की भर्ती ड्राइव ने अस्पताल की कार्यक्षमता को दोगुना कर दिया। नागरिक अस्पताल के कार्यकारी प्रधान चिकित्सा अधिकारी डा. रघुवीर पूनिया ने बताया कि सालों से खाली पड़े इन पदों पर योग्य चिकित्सकों की नियुक्ति से अब 24 घंटे आपातकालीन सेवाएं सुनिश्चित हो रही हैं। इससे मरीजों को इंतजार की मार से मुक्ति मिली है7

### आईसीयू और सीटी स्कैन जैसी सुविधाओं का संचालन

नागरिक अस्पताल में गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) दस बैड का संचालन अब नियमित तौर पर हो रहा है। जो गंभीर रोगियों के लिए वरदान साबित हो रहा है। इसके साथ ही सीटी स्कैन सुविधा भी महिलाओं को मिल रही हैं।

### वर्ष 2026 में स्वास्थ्य सुविधाएं दोगुणी से होंगी मजबूत : डा. मिड्ढा


डा. कृष्ण मिड्ढा

हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि जींद के लोगों को स्वास्थ्य की बेहतर सुविधाएं मिले, इसके लिए उन्होंने दिन-रात एक किया। इसका नतीजा यह है कि आज अस्पताल में सभी 55 चिकित्सकों के पद भरे हुए हैं। अस्पताल का रेनोवेशन हो रहा है। वर्ष 2026 में और भी ज्यादा गति से स्वास्थ्य सुविधाएं मजबूत होंगी। उनके पिता विधायक स्व. डा. हरिचंद मिड्ढा का एक ही सपना था कि जींद के लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए भटकना न पड़े। इसी सपने को वो साकार करने में लगे हुए हैं।

### 14.91 करोड़ से पुरानी बिल्डिंग का हो रहा रेनोवेशन : सीएमओ


सीएमओ डा. सुमन कोहली।

सीएमओ डा. सुमन कोहली ने बताया कि उन्होंने वर्ष 2025 में सीएमओ पद कार्यभार संभाला था। जब उन्होंने अस्पताल का निरीक्षण किया तो कई तरह की परियोजनाएं थी, जिनका शुरू होना मरीजों के लिए लाभकारी था। उस्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारियों के दिशा-निर्देशन में इमरजेंसी वार्ड का विस्तार करवाया। सीटी स्कैन की सुविधा को शुरू करवाया। गायनी वार्ड को पुरानी बिल्डिंग से नई बिल्डिंग में शिफ्ट करवाया। हैबतपुर मेडिकल कालेज में भी ओपीडी शुरू हुई। अब 14.91 करोड़ से पुरानी बिल्डिंग का रेनोवेशन हो रहा है।

### गायनी वार्ड का आधुनिकीकरण

अस्पताल में गायनी (स्त्री रोग) वार्ड को पुरानी इमारत से नई आधुनिक बिल्डिंग में स्थानांतरित किया गया है। यहां वार्ड के बाहर महिलाओं के बैठने के लिए कुर्सियां लगाई गई हैं। साथ ही टोकन सिस्टम शुरू किया गया है ताकि महिलाओं को खड़ा न होना पड़े और वो शांति से अपनी बारी का इंतजार कर उपचार करवा सकें। यह सभी पहलें 2025 को जींद के स्वास्थ्य इतिहास में स्वर्णिम वर्ष के रूप में दर्ज करा रही हैं।

---

# पुलिस ने अपराधों और नशे पर कसे रखा शिकंजा

- सड़क हादसों में 166 लोगों ने गंवाई जान, 222 हुए हादसे
- 38795 चालान किए चालान 1.16 करोड़ लगाया जुर्माना
- हत्या के 129 आरोपित पकड़े, 132 पिस्तौल किए बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


एसपी कुलदीप सिंह।

पिछले साल के मुकाबले इस साल पुलिस अपराध पर रोक लगाने में काफी हद तक सफल रही है। सड़क हादसे हो या नशा या अन्य अपराधिक घटनाओं में कमी आई है। ज्यादातर मामलों को भी जिला पुलिस ने ट्रेस किया हुआ और अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजा जा चुका है। जिला पुलिस ने ऑपरेशन ट्रैकडाउन, ऑपरेशन हॉटस्पोट डोमिनेशन व नशा मुक्ति अभियान लगातार चला कर अपनी पकड़ को मजबूत बनाए रखा।

### सड़क हादसों में 166 लोगों ने गंवाई जान




वर्ष 2025 में सड़क दुर्घटनाओं के कुल 222 मामले दर्ज हुए। जिनमें 166 लोगों की मृत्यु तथा 281 व्यक्ति घायल हुए। दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए जींद पुलिस द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चलाए गए।

### 38795 चालान किए चालान, 1.16 करोड़ जुर्माना

यातायात पुलिस द्वारा 38795 चालान किए गए तथा एक करोड़ 16 लाख 44 हजार 200 रुपये का जुर्माना वसूला गया। जिसमें बिना ड्राइविंग लाइसेंस के1338, अंडर एज वाहन चलाने के 25, बिना आरसी के 1852, बिना पोल्यूशन के 6347, ओवरस्पीड के6650, ड्रिंक ड्राइव के 735, लेन ड्राइविंग उल्लंघन 6550, नो पार्किंग के1484, बिना हेलमेट के 14042, ट्रिप्पल राइडिंग के 2044, प्रेशर हॉर्न के84, साइलेंसर बुलेट पटाखा के 219, बिना सीट बेल्ट के 507, बिना नंबर प्लेट के 1580 चालन किए गए।

### नशे के खिलाफ मुहिम चला कर 195371 को किया जागरूक

नशे के खिलाफ लगातार अभियान चलाए। नशा पीडितों का पता लगा कर उनका इलाज करवाया जा रहा है। अभियान के तहत 273 गांव का सर्वे किया गया है। जिसमें 145 गांव व 31 वार्ड ड्रग्स मुक्त किए गए। 1656 नशा पीड़ितों कि पहचान कि गई। जिसमें 1070 नशा पीड़ितों को दवाई दिलवाई गई। 217 नशा लोगों ने नशा छोड़ा। 586 नशा पीड़ितों की कांउसलिंग करवाई गई। अभियान के तहत जिला में 195371 व्यक्तियों को नशा के खिलाफ जागरुक किया गया।

### नशे पर कसा शिकंजा 167 को किया काबू

जिला पुलिस ने नशा तस्करों पर पकड़ लगातार बनाए रखी। जिसके चलते पुलिस ने 301.944 ग्राम हैरोइन, 25.656 किलोग्राम चरस, 11.330 किलोग्राम स्मैक, 97.53 ग्राम गांजा, 121.471 किलो ग्राम चूरा पोस्त, 371.62 किलोग्राम नशीली गोलियां, 11366 इंजेक्शन, 1787 अफीम के पौधे 4110 किलोग्राम बरामद किए गए।

### हत्या के 129 आरोपित पकड़े, 132 पिस्तौल बरामद



वर्ष 2025 में हत्या से संबंधित कुल 49 मुकद्मे दर्ज किए गए। जिनमें 129 आरोपितों गिरफ्तार करके जेल भेजा गया। अवैध हथियार रखने वालों पर शिकंजा कसते हुए आर्म्स एक्ट के तहत इस वर्ष 105 मुकद्में दर्ज किए। जिसमें 139 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान 132 पिस्टल, 150 कारतूस, तीन मैग्जीन व तीन अन्य हथियार बरामद किए गए। एसपी कुलदीप सिंह ने बताया कि महिला एवं बाल सुरक्षा में पुलिस की भूमिका सहरानीय रही है। इस साल 123 मुकद्में दर्ज हुए। जिसमें 172 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। जिला पुलिस की यह मुहिम आगे भी जारी रहेगी। जिला को सुरक्षित अनुशासित और भयमुक्त बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।